www.prepp.in

Signature and Name of Invigilator

PAPER-I

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No._____

(In words)

J 0 0 1 4

Time : **1 1/4** hours]

Test Booklet Code W

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **60**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of sixty (60) multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer any fifty (50) questions. In the event of the candidate attempting more than fifty questions, the first fifty questions attempted by the Candidate would be evaluated.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Code should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside this Booklet, which is common for Paper I and Paper II**. If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में साठ (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी पचास (50) प्रश्न का उत्तर देना होगा । उम्मीदवार द्वारा पचास से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये प्रथम पचास प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चेक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का कोड OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. **प्रश्न-पत्र I और प्रश्न-पत्र II के लिए एक ही OMR पत्रक है जो इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है ।** प्रश्नों के उत्तर केवल OMR पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Paper – I
प्रश्नपत्र – I

Note :
- This paper contains **Sixty (60)** multiple choice questions, each question carrying **two (2)** marks.
- Candidate is expected to answer any **Fifty (50)** questions.
- In case more than **Fifty (50)** questions are attempted, only the first **Fifty (50)** questions will be evaluated.

नोट :
- इस प्रश्नपत्र में **साठ (60)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं ।
- अभ्यर्थी को कोई भी **पचास (50)** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
- यदि **पचास (50)** से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये तो प्रथम **पचास (50)** प्रश्न ही जाँचे जायेंगे ।

1. Break-down in verbal communication is described as
(A) Short circuit
(B) Contradiction
(C) Unevenness
(D) Entropy

2. The Telephone Model of Communication was first developed in the area of
(A) Technological theory
(B) Dispersion theory
(C) Minimal effects theory
(D) Information theory

3. The Dada Saheb Phalke Award for 2013 has been conferred on
(A) Karan Johar (B) Amir Khan
(C) Asha Bhonsle (D) Gulzar

4. Photographs are not easy to
(A) publish (B) secure
(C) decode (D) change

5. The grains that appear on a television set when operated are also referred to as
(A) sparks (B) green dots
(C) snow (D) rain drops

6. In circular communication, the encoder becomes a decoder when there is
(A) noise (B) audience
(C) criticality (D) feedback

1. मौखिक संचार में व्यवधान आने को कहते हैं
(A) लघु परिपथ
(B) अन्तर्विरोध
(C) असमतलता
(D) एंट्रोपी

2. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में संचार के टेलिफोन मॉडल का सर्वप्रथम विकास हुआ ?
(A) प्रौद्योगिकी सिद्धान्त
(B) परिक्षेपण सिद्धान्त
(C) न्यूनतम प्रभाव सिद्धान्त
(D) सूचना सिद्धान्त

3. दादा साहेब फाल्के पुरस्कार वर्ष 2013 के लिए किसे दिया गया ?
(A) करण जोहर (B) आमिर खान
(C) आशा भोंसले (D) गुलज़ार

4. छाया-चित्रों को _____ करना आसान नहीं है ।
(A) प्रकाशन (B) सुरक्षण
(C) विसंकेतन (D) परिवर्तन

5. टेलिविजन को चालू करने पर जो कण कण से दिखाई पड़ते हैं, उन्हें निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ?
(A) स्पार्कस (B) ग्रीन डाटस
(C) स्नो (D) रेन ड्राप्स

6. एक वृत्तिक संचार में एनकोडर डीकोडर हो जाता है जब वहाँ हो
(A) शोर (B) श्रोता
(C) आलोचनात्मकता (D) फीडबैक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. In a post-office, stamps of three different denominations of ₹ 7, ₹ 8, ₹ 10 are available. The exact amount for which one cannot buy stamps is

(A) 19 (B) 20

(C) 23 (D) 29

8. In certain coding method, the word QUESTION is encoded as DOMESTIC. In this coding, what is the code word for the word RESPONSE ?

(A) OMESUCEM

(B) OMESICSM

(C) OMESICEM

(D) OMESISCM

9. If the series 4, 5, 8, 13, 14, 17, 22, ... is continued in the same pattern, which one of the following is not a term of this series ?

(A) 31 (B) 32

(C) 33 (D) 35

10. Complete the series BB, FE, II, ML, PP, ...by choosing one of the following option given :

(A) TS (B) ST

(C) RS (D) SR

11. A man started walking from his house towards south. After walking 6 km, he turned to his left and walked 5 km. Then he walked further 3 km after turning left. He then turned to his left and continued his walk for 9 km. How far is he away from his house ?

(A) 3 km (B) 4 km

(C) 5 km (D) 6 km

7. एक डाकघर में ₹ 7, ₹ 8 और ₹ 10 मूल्य वर्ग की टिकटें उपलब्ध हैं । वह कौन सी राशि है जिससे ये टिकटें नहीं खरीदी जा सकतीं ?

(A) 19 (B) 20

(C) 23 (D) 29

8. किसी कोडिंग विधि के अन्तर्गत शब्द QUESTION को DOMESTIC के रूप में कोड किया गया । इसी कोडिंग में, शब्द RESPONSE क्या हो जाएगा ?

(A) OMESUCEM

(B) OMESICSM

(C) OMESICEM

(D) OMESISCM

9. यदि श्रृंखला 4, 5, 8, 13, 14, 17, 22, ... को इसी ढंग से चालू रखा जाए, निम्नलिखित में से इस श्रृंखला में कौन सा आँकड़ा नहीं आता ?

(A) 31 (B) 32

(C) 33 (D) 35

10. BB, FE, II, ML, PP, ... की श्रृंखला को निम्न विकल्पों में से एक का चयन करके पूरा कीजिए :

(A) TS (B) ST

(C) RS (D) SR

11. एक आदमी ने अपने घर से दक्षिण की ओर चलना शुरू किया । 6 किलोमीटर चलने के पश्चात वह अपनी बायीं ओर मुड़ा और 5 किलोमीटर चला । फिर वह बायीं ओर मुड़ कर 3 किलोमीटर चला । वह फिर अपनी बायीं ओर मुड़ा और 9 किलोमीटर तक चलता रहा । अपने घर से वह कितनी दूर है ?

(A) 3 किलोमीटर (B) 4 किलोमीटर

(C) 5 किलोमीटर (D) 6 किलोमीटर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

12. One writes all numbers from 50 to 99 without the digits 2 and 7. How many numbers have been written ?

(A) 32 (B) 36

(C) 40 (D) 38

13. "If a large diamond is cut up into little bits, it will lose its value just as an army is divided up into small units of soldiers, it loses its strength."

The argument put above may be called as

(A) Analogical (B) Deductive

(C) Statistical (D) Causal

14. Given below are some characteristics of logical argument. Select the code which expresses a characteristic which is not of inductive in character.

(A) The conclusion is claimed to follow from its premises.

(B) The conclusion is based on causal relation.

(C) The conclusion conclusively follows from its premises.

(D) The conclusion is based on observation and experiment.

15. If two propositions having the same subject and predicate terms can both be true but can not both be false, the relation between those two propositions is called

(A) contradictory

(B) contrary

(C) subcontrary

(D) subaltern

12. एक आदमी 50 से 99 तक के सभी आँकड़ों को लिखता है मगर ऐसा करते हुए वह 2 तथा 7 को छोड़ता जाता है । उसने गिनती में कितने आँकड़े लिखे ?

(A) 32 (B) 36

(C) 40 (D) 38

13. "जिस प्रकार किसी सेना को छोटी-छोटी टुकड़ियों में बाँटने से सेना की शक्ति क्षीण हो जाती है उसी प्रकार यदि किसी हीरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया जाए तो उसके मूल्य में ह्रास हो जायेगा ।"

उपरोक्त युक्ति को कहा जाता है

(A) सादृश्यता (B) निगमनात्मक

(C) आँकड़ात्मक (D) कारणात्मक

14. नीचे कुछ तार्किक युक्ति के लक्षण दिये गए हैं । उस कूट का चयन कीजिए जो ऐसी विलक्षणता को दर्शाता हो जो अपने में आगमनात्मक न हो ।

(A) आधारिका से निष्कर्ष के निकलने का दावा किया जाता है ।

(B) निष्कर्ष कारणात्मक सम्बन्ध पर आधारित होता है ।

(C) निष्कर्ष अन्ततः आधारिका से निकलता है ।

(D) निष्कर्ष प्रेक्षण एवं प्रयोग आधारित होता है ।

15. यदि दो प्रस्तावों, जिनका कर्ता और कर्म शब्द एक से हैं, तो उन दोनों को सही माना जा सकता है परन्तु ये दोनों गलत नहीं हो सकते, इन दोनों प्रस्तावों के बीच के सम्बन्ध को क्या कहेंगे ?

(A) अन्तर्विरोधात्मक

(B) विरोधी

(C) उप-विरोधी

(D) अधीनस्थ

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

16. Given below are two premises and four conclusions drawn from those premises. Select the code that expresses conclusion drawn validly from the premises (separately or jointly).

Premises :

(a) All dogs are mammals.

(b) No cats are dogs.

Conclusions :

(i) No cats are mammals.

(ii) Some cats are mammals.

(iii) No dogs are cats.


(iv) No dogs are non-mammals.

Codes :

(A) (i) only (B) (i) and (ii)

(C) (iii) and (iv) (D) (ii) and (iii)

17. Given below is a diagram of three circles A, B & C inter-related with each other. The circle A represents the class of Indians, the circle B represents the class of scientists and circle C represents the class of politicians. p, q, r, s ... represent different regions. Select the code containing the region that indicates the class of Indian scientists who are not politicians.



Codes :

(A) q and s only

(B) s only

(C) s and r only

(D) p, q and s only

16. नीचे दो आधार-वाक्य लिखे गए हैं और इनसे निकले चार निष्कर्ष भी दिये गए हैं । उस कूट का चयन कीजिए जो आधार-वाक्यों (अलग और संयुक्त रूप से) यह दर्शाए कि ये निष्कर्ष सही रूप से प्रदत्त आधार-वाक्यों से ही प्राप्त हुए हैं :

आधार वाक्य :

(a) सभी कुत्ते स्तनधारी हैं ।

(b) कोई बिल्ली कुत्ता नहीं है ।

निष्कर्ष :

(i) कोई बिल्ली स्तनधारी नहीं है ।

(ii) कुछ बिल्लियाँ स्तनधारी हैं ।

(iii) कोई कुत्ता बिल्ली नहीं है ।


(iv) कोई भी कुत्ता गैर-स्तनधारी नहीं है ।

कूट :

(A) (i) केवल (B) (i) और (ii)

(C) (iii) और (iv) (D) (ii) और (iii)

17. नीचे एक रेखाचित्र दिया जा रहा है जिसमें तीन वृत्त है – A, B और C जो कि परस्पर सम्बद्ध हैं । वृत्त A भारतीयों के किसी वर्ग का प्रतिनिधि है, B वृत्त वैज्ञानिकों का प्रतिनिधित्व करता है और वृत्त C राजनीतिज्ञों का प्रतिनिधित्व करता है । p, q, r, s..... विभिन्न क्षेत्रों को दर्शाते हैं । उस कूट का चयन कीजिए जो उस क्षेत्र को दर्शाता हो जिसमें भारतीय वैज्ञानिक जो राजनीतिज्ञ न हो, रहते हों ।



कूट :

(A) केवल q और s

(B) केवल s

(C) केवल s और r

(D) केवल p, q और s

www.prepp.in

Read the following table carefully. Based upon this table answer questions from **18** to **22 :**
Net Area under Irrigation by sources in a country (Thousand Hectares)

Year	Govern-ment canals	Private canals	Tanks	Tube wells & other wells	Other sources	Total
1997-98	17117	211	2593	32090	3102	55173
1998-99	17093	212	2792	33988	3326	57411
1999-00	16842	194	2535	34623	2915	57109
2000-01	15748	203	2449	33796	2880	55076
2001-02	15031	209	2179	34906	4347	56672
2002-03	13863	206	1802	34250	3657	53778
2003-04	14444	206	1908	35779	4281	56618
2004-05	14696	206	1727	34785	7453	58867
2005-06	15268	207	2034	35372	7314	60196

18. Which of the following sources of Irrigation has registered the largest percentage of decline in Net area under irrigation during 1997-98 and 2005-06 ?
(A) Government canals
(B) Private canals
(C) Tanks
(D) Other sources

19. Find out the source of Irrigation that has registered the maximum improvement in terms of percentage of Net irrigated area during 2002-03 and 2003-04.
(A) Government canals
(B) Tanks
(C) Tube wells and other wells
(D) Other sources

20. In which of the following years, Net irrigation by tanks increased at the highest rate ?
(A) 1998-99 (B) 2000-01
(C) 2003-04 (D) 2005-06

21. Identify the source of Irrigation that has recorded the maximum incidence of negative growth in terms of Net irrigated area during the years given in the table.
(A) Government canals
(B) Private canals
(C) Tube wells and other wells
(D) Other sources

22. In which of the following years, share of the tube wells and other wells in the total net irrigated area was the highest ?
(A) 1998-99 (B) 2000-01
(C) 2002-03 (D) 2004-05

निम्न तालिका को ध्यान से पढ़िए । इस तालिका के आधार पर प्रश्न संख्या **18** से **22** तक के उत्तर दीजिए ।
स्रोत के अनुसार किसी देश में शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल (हजार हेक्टेअर)

वर्ष	सरकारी नहर	निजी नहर	तालाब	नलकूप तथा अन्य कुएँ	अन्य स्रोत	कुल
1997-98	17117	211	2593	32090	3102	55173
1998-99	17093	212	2792	33988	3326	57411
1999-00	16842	194	2535	34623	2915	57109
2000-01	15748	203	2449	33796	2880	55076
2001-02	15031	209	2179	34906	4347	56672
2002-03	13863	206	1802	34250	3657	53778
2003-04	14444	206	1908	35779	4281	56618
2004-05	14696	206	1727	34785	7453	58867
2005-06	15268	207	2034	35372	7314	60196

18. 1997-98 से 2005-06 की अवधि में सिंचाई के निम्न में से किस स्रोत के अन्तर्गत शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल में सर्वाधिक कमी (प्रतिशत) दर्ज हुई है ?
(A) सरकारी नहर
(B) निजी नहर
(C) तालाब
(D) अन्य स्रोत

19. वर्ष 2002-03 से 2003-04 के दौरान किस सिंचाई के स्रोत के अन्तर्गत शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है ?
(A) सरकारी नहर
(B) तालाब
(C) नलकूप तथा अन्य कुएँ
(D) अन्य स्रोत

20. किस वर्ष तालाब द्वारा शुद्ध सिंचाई में सर्वाधिक वृद्धि दर प्राप्त की गई ?
(A) 1998-99 (B) 2000-01
(C) 2003-04 (D) 2005-06

21. तालिका में दिए वर्षों एवं समंकों को देखकर बताइए कि सिंचाई के किस स्रोत द्वारा सर्वाधिक बार शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई है ?
(A) सरकारी नहर
(B) निजी नहर
(C) नलकूप तथा अन्य कुएँ
(D) अन्य स्रोत

22. निम्न में से किस वर्ष कुल शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल में नलकूप तथा अन्य कुओं का हिस्सा सर्वाधिक था ?
(A) 1998-99 (B) 2000-01
(C) 2002-03 (D) 2004-05

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. The acronym FTP stands for

(A) File Transfer Protocol

(B) Fast Transfer Protocol

(C) File Tracking Protocol

(D) File Transfer Procedure

24. Which one of the following is not a/an image/graphic file format ?

(A) PNG (B) GIF

(C) BMP (D) GUI

25. The first web browser is

(A) Internet Explorer

(B) Netscape

(C) World Wide Web

(D) Firefox

26. When a computer is booting, BIOS is loaded to the memory by

(A) RAM (B) ROM

(C) CD-ROM (D) TCP

27. Which one of the following is not the same as the other three ?

(A) MAC address

(B) Hardware address

(C) Physical address

(D) IP address

28. Identify the IP address from the following :

(A) 300 · 215 · 317 · 3

(B) 302 · 215@ 417 · 5

(C) 202 · 50 · 20 · 148

(D) 202 – 50 – 20 – 148

23. एफ.टी.पी. – इस संक्षिप्त रूप से क्या भाव है ?

(A) फाइल स्थानान्तरण प्रोटोकॉल

(B) त्वरित स्थानान्तरण प्रोटोकॉल

(C) फाइल परिमार्गन प्रोटोकॉल

(D) फाइल स्थानान्तरण प्रक्रिया

24. निम्नलिखित में से कौन सा फाइल-प्रकार का/की छाया/बिन्दुरेखन नहीं है ?

(A) पी एन जी (B) जी आई एफ

(C) बी एम पी (D) जी यू आई

25. प्रथम वेब ब्राउसर है

(A) इण्टरनेट एक्सप्लोरर

(B) नेटस्केप

(C) वर्ल्ड वाइड वेब

(D) फाइरफॉक्स

26. जब कम्प्यूटर बूटिंग कर रहा हो तो मेमोरी में बी आई ओ एस किसके द्वारा लोड किया जा रहा होता है ?

(A) आर ए एम (RAM)

(B) आर ओ एम (ROM)

(C) सी डी – आर ओ एम (CD – ROM)

(D) टी सी पी (TCP)

27. निम्नलिखित में से कौन सा बाकी के तीन के समान नहीं है ?

(A) एम ए सी एड्रेस

(B) हार्डवेयर एड्रेस

(C) फिजीकल एड्रेस

(D) आई पी एड्रेस

28. निम्नलिखित में से आई पी एड्रेस की पहचान कीजिए :

(A) 300 · 215 · 317 · 3

(B) 302 · 215@ 417 · 5

(C) 202 · 50 · 20 · 148

(D) 202 – 50 – 20 – 148

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

29. The population of India is about 1.2 billion. Take the average consumption of energy per person per year in India as 30 Mega Joules. If this consumption is met by carbon based fuels and the rate of carbon emissions per kilojoule is 15×10^6 kgs, the total carbon emissions per year from India will be

(A) 54 million metric tons

(B) 540 million metric tons

(C) 5400 million metric tons

(D) 2400 million metric tons

30. Which of the following cities has been worst affected by urban smog in recent times ?

(A) Paris

(B) London

(C) Los Angeles

(D) Beijing

31. The primary source of organic pollution in fresh water bodies is

(A) run-off urban areas

(B) run-off from agricultural forms

(C) sewage effluents

(D) industrial effluents

32. 'Lahar' is a natural disaster involving

(A) eruption of large amount of material

(B) strong winds

(C) strong water waves

(D) strong winds and water waves

29. भारत की जनसंख्या लगभग 1.2 बिलियन है । मान लीजिए कि भारत में बिजली की औसत खपत प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 30 मेगा जूल है । यदि इस खपत को कार्बन आधारित ईंधनों से पूरा किया जाए और कार्बन उत्सर्जन की दर 15×10^6 किलोग्राम प्रति किलो जूल हो, तो भारत से प्रति वर्ष कुल कार्बन-उत्सर्जन कितना होगा ?

(A) 54 मिलियन मीट्रिक टन

(B) 540 मिलियन मीट्रिक टन

(C) 5400 मिलियन मीट्रिक टन

(D) 2400 मिलियन मीट्रिक टन

30. निम्नलिखित नगरों में से कौन सा नगर हाल ही के समय में नगरीय कोहरे से सर्वाधिक प्रभावित है ?

(A) पेरिस

(B) लंदन

(C) लॉस एंजिल्स

(D) बीजिंग

31. ताजा जलाशयों में जैविक प्रदूषण का प्राथमिक स्रोत है

(A) नगरीय क्षेत्रों से प्रवाह

(B) कृषि फार्मों से प्रवाह

(C) मलजल का बहि:स्राव

(D) औद्योगिक जल का बहि:स्राव

32. 'लहर' एक प्राकृतिक आपदा है जिसमें

(A) भारी मात्रा में सामग्री का उद्‌भेदन होता है ।

(B) जबरदस्त हवाएँ चलती हैं ।

(C) जल की बलवती लहरें उठती हैं ।

(D) जबरदस्त हवाएँ और बलवती लहरें उठती हैं ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

33. In order to avoid catastrophic consequences of climate change, there is general agreement among the countries of the world to limit the rise in average surface temperature of earth compared to that of pre-industrial times by
(A) 1.5 °C to 2 °C
(B) 2.0 °C to 3.5 °C
(C) 0.5 °C to 1.0 °C
(D) 0.25 °C to 0.5 °C

34. The National Disaster Management Authority functions under the Union Ministry of
(A) Environment
(B) Water Resources
(C) Home Affairs
(D) Defence

35. Match List – I and List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I		**List – II**
a. Flood	1.	Lack of rainfall of sufficient duration
b. Drought	2.	Tremors produced by the passage of vibratory waves through the rocks of the earth
c. Earthquake	3.	A vent through which molted substances come out
d. Volcano	4.	Excess rain and uneven distribution of water

Codes :

	a	b	c	d
(A)	4	1	2	3
(B)	2	3	4	1
(C)	3	4	2	1
(D)	4	3	1	2

36. Which one of the following green house gases has the shortest residence time in the atmosphere ?
(A) Chlorofluorocarbon
(B) Carbon dioxide
(C) Methane
(D) Nitrous oxide

33. जलवायु परिवर्तन के भयावह परिणामों से बचने के लिए विश्व के सभी देशों में यह सहमति है कि औद्योगिक समय की औसत तापमान की वृद्धि की तुलना में धरती के सतही तापमान को किस सीमा से आगे न बढ़ने दिया जाए ?
(A) 1.5 °C से 2 °C
(B) 2.0 °C से 3.5 °C
(C) 0.5 °C से 1.0 °C
(D) 0.25 °C से 0.5 °C

34. राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण केंद्र के किस मन्त्रालय के अधीन कार्य करता है ?
(A) पर्यावरण
(B) जल संसाधन
(C) गृह मामले
(D) रक्षा

35. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I		**सूची – II**
a. बाढ़	1.	पर्याप्त अवधि में वर्षा का न होना
b. सूखा	2.	धरती की चट्टानों में उठती लहरों के मार्ग में हलचल पैदा करना
c. भूचाल	3.	एक छिद्र जिससे पिघले हुए पदार्थ निकलते हैं ।
d. ज्वालामुखी	4.	अति वर्षा एवं जल का असमान वितरण

कोड :

	a	b	c	d
(A)	4	1	2	3
(B)	2	3	4	1
(C)	3	4	2	1
(D)	4	3	1	2

36. निम्नलिखित ग्रीन हाऊस गैसों में कौन सी वायुमण्डल में लघुत्तम समय तक ठहर पाती है ?
(A) क्लोरोफ्लूरोकार्बन
(B) कार्बन डाइऑक्साइड
(C) मेथैन
(D) नाइट्रस ऑक्साइड

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

37. Consider the following statements and select the correct answer from the code given below :

i. Rajasthan receives the highest solar radiation in the country.

ii. India has the fifth largest installed wind power in the world.

iii. The maximum amount of wind power is contributed by Tamil Nadu.

iv. The primary source of uranium in India is Jaduguda.

Codes :

(A) i and ii (B) i, ii and iii

(C) ii and iii (D) i and iv

38. Who among the following is the de facto executive head of the Planning Commission ?

(A) Chairman

(B) Deputy Chairman

(C) Minister of State for Planning

(D) Member Secretary

39. Education as a subject of legislation figures in the

(A) Union List

(B) State List

(C) Concurrent List

(D) Residuary Powers

40. Which of the following are Central Universities ?

1. Pondicherry University
2. Vishwa Bharati
3. H.N.B. Garhwal University
4. Kurukshetra University

Select the correct answer from the code given below :

Codes :

(A) 1, 2 and 3 (B) 1, 3 and 4

(C) 2, 3 and 4 (D) 1, 2 and 4

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन प्रदत्त कूट से करें :

i. देश में सर्वाधिक सौर विकिरण राजस्थान में है ।

ii. वायु ऊर्जा में भारत देश विश्व का पाँचवाँ सबसे बड़ा देश है ।

iii. वायु ऊर्जा की सर्वाधिक मात्रा तमिलनाडु से प्राप्त होती है ।

iv. भारत में यूरेनियम की प्राप्ति का प्रमुख स्रोत जादुगुड़ा है ।

कूट :

(A) i और ii (B) i, ii और iii

(C) ii और iii (D) i और iv

38. निम्नलिखित में से कौन योजना आयोग का वास्तविक कार्यकारी मुखिया है ?

(A) चेयरमैन

(B) डिप्टी चेयरमैन

(C) योजना राज्यमंत्री

(D) सदस्य सचिव

39. विधि के विषय के रूप में शिक्षा किस सूची में आती है ?

(A) संघीय सूची

(B) राज्य सूची

(C) समवर्ती सूची

(D) अवशेषी शक्तियाँ

40. निम्नलिखित में से कौन केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं ?

1. पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय
2. विश्व भारती
3. एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय
4. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4

(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

41. Consider the statement which is followed by two arguments (i) and (ii).

Statement : India should have a very strong and powerful Lokpal.

Arguments : (i) Yes, it will go a long in eliminating corruption in bureaucracy.

(ii) No, it will discourage honest officers from making quick decisions.

Codes :

(A) Only argument (i) is strong.

(B) Only argument (ii) is strong.

(C) Both the arguments are strong.

(D) Neither of the arguments is strong.

42. Which of the following universities has adopted the meta university concept ?

(A) Assam University

(B) Delhi University

(C) Hyderabad University

(D) Pondicherry University

43. Which of the following statements are correct about a Central University ?

1. Central University is established under an Act of Parliament.
2. The President of India acts as the visitor of the University.
3. The President has the power to nominate some members to the Executive Committee or the Board of Management of the University.
4. The President occasionally presides over the meetings of the Executive Committee or Court.

Select the correct answer from the code given below :

Codes :

(A) 1, 2 and 4 (B) 1, 3 and 4

(C) 1, 2 and 3 (D) 1, 2, 3 and 4

41. प्रस्तुत कथन पर विचार कीजिए जिसमें दो तर्क (i) और (ii) हैं ।

कथन : भारत में एक सशक्त एवं सुदृढ़ लोकपाल होना चाहिए ।

तर्क : (i) हाँ, यह नौकरशाही में भ्रष्टाचार को समाप्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा ।

(ii) नहीं, यह ईमानदार अधिकारियों को त्वरित निर्णय लेने से हतोत्साहित करेगा ।

कूट :

(A) केवल तर्क (i) ही प्रबल है ।

(B) केवल तर्क (ii) ही प्रबल है ।

(C) दोनों तर्क प्रबल हैं ।

(D) दोनों तर्कों में से कोई भी तर्क प्रबल नहीं है ।

42. निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय ने मेटा विश्वविद्यालय की अवधारणा को अपनाया है ?

(A) असम विश्वविद्यालय

(B) दिल्ली विश्वविद्यालय

(C) हैदराबाद विश्वविद्यालय

(D) पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय

43. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन केंद्रीय विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में सही है ?

1. केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना संसद के अधिनियम से होती है ।
2. भारत के राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय के विजिटर होते हैं ।
3. राष्ट्रपति विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी समिति अथवा प्रबन्धक बोर्ड के कुछ सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं ।
4. राष्ट्रपति कभी-कभार कार्यकारिणी समिति या कोर्ट की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं ।

प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) 1, 2 और 4 (B) 1, 3 और 4

(C) 1, 2 और 3 (D) 1, 2, 3 और 4

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

44. Which one of the following is considered a sign of motivated teaching ?

(A) Students asking questions

(B) Maximum attendance of the students

(C) Pin drop silence in the classroom

(D) Students taking notes

45. Which one of the following is the best method of teaching ?

(A) Lecture

(B) Discussion

(C) Demonstration

(D) Narration

46. Dyslexia is associated with

(A) mental disorder

(B) behavioural disorder

(C) reading disorder

(D) writing disorder

47. The e-content generation for under-graduate courses has been assigned by the Ministry of Human Resource Development to

(A) INFLIBNET

(B) Consortium for Educational Communication

(C) National Knowledge Commission

(D) Indira Gandhi National Open University

48. Classroom communication is normally considered as

(A) effective

(B) cognitive

(C) affective

(D) selective

44. निम्नलिखित में से किसे अभिप्रेरित शिक्षण का संकेत माना जाता है ?

(A) विद्यार्थी अध्यापक से प्रश्न पूछते हैं ।

(B) विद्यार्थियों की उपस्थिति अधिकतम हो ।

(C) कक्षा में पूर्ण शान्ति हो ।

(D) विद्यार्थी अपनी कापियों में नोटस ले रहे हों ।

45. निम्नलिखित में से शिक्षण का सर्वोत्तम ढंग कौन सा है ?

(A) व्याख्यान

(B) विचार-विमर्श

(C) निरूपण

(D) वर्णन

46. डिसलेक्सिया सम्बंधित है :

(A) मानसिक विकृति से

(B) व्यवहार सम्बन्धी विकृति से

(C) पठन विकृति से

(D) लेखन विकृति से

47. मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्नातकपूर्व पाठ्यक्रमों के लिए ई-कंटेंट बनाने का कार्य, निम्नलिखित में से किसे सौंपा गया है ?

(A) आई एन एफ एल आई बी एन ई टी

(B) कांसोरटियम फॉर एजुकेशन कम्यूनिकेशन

(C) राष्ट्रीय ज्ञान आयोग

(D) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

48. कक्षा के संचार को सामान्यतया समझा जाता है कि यह होगा

(A) प्रभावी

(B) संज्ञानात्मक

(C) भावात्मक

(D) चयनात्मक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

49. Who among the following, propounded the concept of paradigm ?
(A) Peter Haggett
(B) Von Thunen
(C) Thomas Kuhn
(D) John K. Wright

50. In a thesis, figures and tables are included in
(A) the appendix
(B) a separate chapter
(C) the concluding chapter
(D) the text itself

51. A thesis statement is
(A) an observation
(B) a fact
(C) an assertion
(D) a discussion

52. The research approach of Max Weber to understand how people create meanings in natural settings is identified as
(A) positive paradigm
(B) critical paradigm
(C) natural paradigm
(D) interpretative paradigm

53. Which one of the following is a non-probability sampling ?
(A) Simple random
(B) Purposive
(C) Systematic
(D) Stratified

54. Identify the category of evaluation that assesses the learning progress to provide continuous feedback to the students during instruction.
(A) Placement (B) Diagnostic
(C) Formative (D) Summative

55. The research stream of immediate application is
(A) Conceptual research
(B) Action research
(C) Fundamental research
(D) Empirical research

49. निम्नलिखित में से किसने चिन्तनफलक (पैराडिम) की अवधारणा को स्थापित किया ?
(A) पीटर हेग्गेट्ट
(B) वॉन थूनेन
(C) थामस कुहन
(D) जॉह्न के. राइट

50. एक थीसिस (शोध-प्रबन्ध) में चित्र एवं तालिकाएँ रहती हैं
(A) परिशिष्ट में
(B) एक अलग अध्याय में
(C) अन्तिम अध्याय में
(D) मूल पाठ में ही

51. शोध-प्रबन्ध कथन है
(A) एक प्रेक्षण
(B) एक तथ्य
(C) दृढ़कथन
(D) विचार-विमर्श

52. मैक्स वेबर के अनुसंधान उपागम में यह समझने के लिए कि लोग प्राकृतिक विन्यास में अर्थों का बोध कैसे करते हैं, की पहचान निम्नलिखित में से किस रूप में की जाती है ?
(A) सकारात्मक चिन्तनफलक
(B) आलोचनात्मक चिन्तनफलक
(C) प्राकृतिक चिन्तनफलक
(D) विवेचनात्मक चिन्तनफलक

53. निम्नलिखित में से कौन सा गैर-संभाव्यता प्रतिदर्श है ?
(A) सामान्य यादृच्छिक
(B) सौद्देश्य
(C) व्यवस्थित
(D) स्तरबद्ध

54. मूल्यांकन के उस वर्ग की पहचान कीजिये जो विद्यार्थियों के शिक्षा काल के दौरान उनके सीखने की प्रगति को जाँचने के लिये निरंतर फीडबैक देता है ।
(A) स्थानन (B) नैदानिक
(C) रचनात्मक (D) संकलनात्मक

55. तात्कालिक उपयोग में आने वाली अनुसंधान धारा है :
(A) संकल्पनात्मक (B) क्रियात्मक
(C) मौलिक (D) आनुभविक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Read the following passage carefully and answer questions **56** to **60 :**

Traditional Indian Values must be viewed both from the angle of the individual and from that of the geographically delimited agglomeration of peoples or groups enjoying a common system of leadership which we call the 'State'. The Indian 'State's' special feature is the peaceful, or perhaps mostly peaceful, co-existence of social groups of various historical provenances which mutually adhere in a geographical, economic, and political sense, without ever assimilating to each other in social terms, in ways of thinking, or even in language. Modern Indian law will determine certain rules, especially in relation to the regime of the family, upon the basis of how the loin-cloth is tied, or how the turban is worn, for this may identify the litigants as members of a regional group, and therefore as participants in its traditional law, though their ancestors left the region three or four centuries earlier. The use of the word 'State' above must not mislead us. There was no such thing as a conflict between the individual and the State, atleast before foreign governments became established, just as there was no concept of state 'sovereignty' or of any church-and-state dichotomy.

Modern Indian 'secularism' has an admittedly peculiar feature : It requires the state to make a fair distribution of attention and support amongst all religions. These blessed aspects of India's famed tolerance (Indian kings so rarely persecuted religious groups that the exceptions prove the rule) at once struck Portuguese and other European visitors to the West Coast of India in the sixteenth century, and the impression made upon them in this and other ways gave rise, at one remove, to the basic constitution of Thomas More's Utopia. There is little about modern India that strikes one at once as Utopian : but the insistence upon the inculcation of norms, and the absence of bigotry and institutionalized exploitation of human or natural resources, are two very different features which link the realities of India and her tradition with the essence of all Utopians.

56. Which of the following is a special feature of the Indian State ?
(A) Peaceful co-existence of people under a common system of leadership
(B) Peaceful co-existence of social groups of different historical provenances attached to each other in a geographical, economic and political sense
(C) Social integration of all groups
(D) Cultural assimilation of all social groups.

57. The author uses the word 'State' to highlight
(A) Antagonistic relationship between the state and the individual throughout the period of history.
(B) Absence of conflict between the state and the individuals upto a point in time.
(C) The concept of state sovereignty.
(D) Dependence on religion.

58. Which one is the peculiar feature of modern Indian 'Secularism' ?
(A) No discrimination on religious considerations
(B) Total indifference to religion
(C) No space for social identity
(D) Disregard for social law

59. The basic construction of Thomas More's Utopia was inspired by
(A) Indian tradition of religious tolerance.
(B) Persecution of religious groups by Indian rulers.
(C) Social inequality in India.
(D) European perception of Indian State.

60. What is the striking feature of modern India ?
(A) A replica of Utopian State (B) Uniform laws
(C) Adherence to traditional values (D) Absence of Bigotry

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्नलिखित अनुच्छेद को सावधानीपूर्वक पढ़ें एवं प्रश्न **56** से **60** के उत्तर दीजिए **:**

पारम्परिक भारतीय मूल्यों का अवलोकन वैयक्तिक एवं परिसीमित भौगोलिक क्षेत्र में बसे लोगों अथवा समूहों, जो समान नेतृत्व प्रणाली का लाभ उठाते हैं, जिसे हम 'राज्य' कहते हैं, दोनों के दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए । विभिन्न ऐतिहासिक उद्गम स्थलों के सामाजिक समूह, जो एक दूसरे से भौगोलिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भाव से जुड़े हुए हैं, परन्तु सामाजिक रूप से, विचारात्मक अथवा भाषात्मक आधार पर आत्मीकृत नहीं हैं फिर भी वे शान्तिपूर्वक अथवा अत्यन्त शान्तिपूर्वक सहअस्तित्व की भावना से रहते हैं जो भारत राज्य की मुख्य विशिष्टता है । आधुनिक भारतीय विधि कुछ ऐसे नियमों को निर्धारित करेगी जिनका सम्बन्ध मुख्यतया पारिवारिक व्यवस्था से है जैसे कि लंगोट किस प्रकार पहनी जाती है अथवा पगड़ी किस तरह बाँधी जाती है । क्योंकि इस आधार पर एक क्षेत्रीय समूह के सदस्य के रूप में वादियों की पहचान की जा सके एवं उन्हें अपनी पारम्परिक विधि को अपनाने का अवसर प्राप्त हो सके । हालांकि उनके पूर्वजों ने वह क्षेत्र तीन-चार शताब्दियों पूर्व ही छोड़ दिया था । उपरोक्त प्रयुक्त शब्द 'राज्य' से हमें भ्रमित नहीं होना चाहिए । व्यक्ति और राज्य के बीच संघर्ष हो, ऐसा कुछ नहीं था । यह स्थिति कम से कम विदेशी राज्य की स्थापना से पूर्व न थी । जिस प्रकार राज्य की प्रभुसत्ता की अवधारणा या चर्च-राज्य द्वि-भाजन भी नहीं था ।

आधुनिक भारत की धर्मनिरपेक्षता का एक विशिष्ट लक्षण यह है कि राज्य से यह अपेक्षा है कि प्रत्येक धर्म को न्यायजनक आदर व समर्थन प्राप्त होगा । भारत की सुविख्यात सहनशीलता के इन अभिमंत्रित पहलुओं ने (भारतीय शासकों ने धार्मिक समूहों पर कदाचित ही अत्याचार किया-यह अपवाद न होकर नियम था) 16वीं शताब्दी में भारत के पश्चिमी तट का भ्रमण करने वाले पुर्तगाली व अन्य यूरोपीय आगुन्तकों को एकदम प्रभावित किया । इस प्रकार से व अन्य प्रकार से उन पर पड़ने वाले प्रभावों के फलस्वरूप ही थामस मोर की रचना यूटोपिया के मूल ढाँचे की रचना की गई । आधुनिक भारत में ऐसा कुछ अधिक नहीं है जो यूटोपियन (आदर्श) प्रतीत हो परन्तु मानदण्डों की आत्मनिविष्टता पर बल देना, धर्मान्धता एवं संस्थागत मानव व प्राकृतिक संसाधनों के शोषण की अनुपस्थिति, यह ऐसे दो प्रमुख तथ्य हैं जो भारत की वास्तविकता और परम्पराओं को यूटोपिया (आदर्श राज्य) से जोड़ते हैं ।

56. निम्नलिखित में से भारतीय राज्य का विशिष्ट लक्षण कौन सा है ?

(A) लोगों का एक साझे नेतृत्व में शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व
(B) विभिन्न ऐतिहासिक उद्गम स्थलों के सामाजिक समूहों, जो एक दूसरे से भौगोलिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भाव से जुड़े हुए हैं, का शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व ।
(C) सभी समूहों का सामाजिक एकीकरण
(D) सभी सामाजिक समूहों का सांस्कृतिक समीकरण

57. लेखक ने 'राज्य' शब्द का प्रयोग किस अर्थ पर बल देने के लिए किया है ?

(A) इतिहास के सम्पूर्ण काल के दौरान राज्य और व्यक्ति के बीच प्रतिरोधी सम्बन्धों का होना ।
(B) किसी निश्चित समय काल तक राज्य और व्यक्ति के बीच किसी संघर्ष का न होना ।
(C) राज्य की प्रभुसत्ता की अवधारणा ।
(D) धर्म पर आश्रय

58. निम्नलिखित में से आधुनिक भारत की 'धर्मनिरपेक्षता' का मुख्य लक्षण कौन सा है ?

(A) धार्मिक आधार पर भेदभाव न करना ।
(B) धर्म के प्रति पूर्ण उदासीनता ।
(C) सामाजिक पहचान के लिए कोई स्थान नहीं ।
(D) पारम्परिक विधि को न मानना ।

59. निम्न में से थामस मोर की यूटोपिया का मूल ढाँचा किस से प्रेरित था ?

(A) धार्मिक सहनशीलता की भारतीय परम्परा से ।
(B) भारतीय शासकों द्वारा धार्मिक समूहों पर जुल्म ।
(C) भारत में व्याप्त सामाजिक असमता ।
(D) भारतीय राज्य के प्रति यूरोपीय बोध ।

60. आधुनिक भारत का मुख्य लक्षण कौन सा है ?

(A) यूटोपियन राज्य की प्रतिकृति
(B) विधि की एकरूपता
(C) पारम्परिक मूल्य प्रणाली का पालन
(D) धर्मान्धता की अनुपस्थिति

Space For Rough Work